तकनीक निर्माण में मदद करेगा आईआईटी बीएचयू

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू तकनीक के निर्माण में जरूरतमंदों की मदद करेगा। प्रौद्योगिकी की मदद से समाज की अपेक्षाओं को जानने तथा उस हिसाब से तकनीक का इजाद करने की पहल की गई है। इस संबंध में बीएचयू में 31 अगस्त से दो सितंबर तक परिचर्चा होगी जिसमें इंस्टीट्यूट, औद्योगिक जगत तथा सामाजिक स्तर पर विचार-विमर्श होगा। परिचर्चा के माध्यम से लघु एव कुटीर उद्योग को बढ़ाने, औद्योगिक क्षेत्र के लिए तकनीकी समस्याओं को जानने तथा समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

परिचर्चा के समन्वयक प्रो. पीके मिश्रा ने कहा कि आईआईटी बीएचयू अपने सामाजिक सरोकार को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। चर्चा परिचर्चा के माध्यम से छोटे उद्योग की समस्याओं को जानकर उनका समाधान खोजा जाएगा। समस्याओं पर गहन अध्ययन के लिए शोध के विषय भी चुने जायेंगे। औद्योगिक क्षेत्र में आने वाली समस्या के लिए भी पैनल डिस्कशन किया जाएगा।

पहल

- इंस्टीट्यूट, इंडस्ट्री व सोसाइटी की दिक्कतों का करेगा समाधान
- आईआईटी में तीन दिवसीय परिचर्चा 31 से दो सितंबर तक

हिन्दुस्तान – 29.08.2018